तापमान

अधिकतम 27.0 डिग्री

न्यूनतम 24. 0 डिग्री

हरिभूमि

# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, सोमवार, 7 जुलाई 2025

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा |जैजैपुर| डभरा | सक्ती



पर्यावरण के प्रति सभी को सजग होना जरुरी

4




## खबर संक्षेप

### पौधे लगाकर संरक्षण का संकल्प लेंगे स्वयं सेवक

**जांजगीर-चांपा।** भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ के राज्य अध्यक्ष एवं रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल के मार्गदर्शन में, राज्य मुख्य आयुक्त सोमनाथ यादव के नेतृत्व में सोमवार 7 जुलाई को पूरे राज्य में एक साथ वृहद पौध रोपण किया जा रहा है। जिले के समस्त विकासखंडों में प्रत्येक यूनिट लीडर के साथ स्काउट्स, गाइड्स, रोवर्स व रेंजर्स वजिलेभर से स्काउटिंग गतिविधियों से जुड़े ओपन यूनिट एवं वालंटियर्स पौध रोपण करेंगे । जिला स्तरीय पौध रोपण राज्य उपाध्यक्ष कार्तिकेश्वर स्वर्णकार व जिला मुख्य आयुक्त हितेश यादव, डीईओ एवं पदेन जिला कमिश्नर स्काउट ए.के. भारद्वाज , सरपंच अजय सोनवानी, उपसरपंच तारा शंकर पटेल , एस एम डी सी अध्यक्ष अशोक साहू, प्रभारी प्राचार्य योगेन्द्र शुक्ला की उपस्थिति में शा उमावि मड़वा में होगा। संस्था प्रांगण सहित ग्राम मड़वा के मुक्ति धाम में 200 पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है। इसके अतिरिक्त सभी शालाओ में स्काउट्स गाइड्स रोवर्स रेंजर पौधे लगायेंगे।

### स्कूलों के मरम्मत एवं अन्य कार्य के मिले 77 लाख

**जांजगीर-चांपा।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा शिक्षा की गुणवत्ता और भवनों की स्थिति को बेहतर बनाने विशेष जोर दिया जा रहा है। जिले के शासकीय स्कूलों का विशेष प्राथमिकता के साथ मरम्मत एवं जीर्णोद्धार होने से विद्यार्थियों को पढ़ाई के लिए बेहतर वातावरण मिलेगा। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि जिले में स्कूलों में अति आवश्यक मरम्मत हेतु 77 लाख 86 हजार रूपए की लागत से 147 कार्य शासन द्वारा स्वीकृत किए गए है। प्राथमिक, माध्यमिक शाला अंतर्गत शौचलय मरम्मत एवं नवीन निर्माण हेतु कुल 47 लाख 10 हजार के लागत से 240 कार्य स्वीकृत किए गए है। इसी प्रकार हाई एवं हायर सेकेण्डरी स्कूल अंतर्गत शौचलय मरम्मत एवं नवीन निर्माण हेतु कुल 27 लाख 01 हजार के लागत से 91 कार्य शासन से स्वीकृत किए गए है। कलेक्टर श्री महोबे ने जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए हैं कि अत्यधिक जर्जर हो चुके भवनों के स्थान पर नए भवनों और अतिरिक्त कक्षों का प्रस्ताव तैयार कर प्रेषित करें। उन्होंने ने स्वीकृत मरम्मत कार्य ग्रामीण यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को उच्च गुणवत्ता के साथ समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए है। जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा ने बताया कि जिले में संचालित प्रत्येक कस्तुरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय भवन के लिए 3-3 करोड़ रुपए स्वीकृत किए गए है। जिससे कस्तुरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय हरदी, बिर्रा, बरगांव एवं पहरिया शामिल है।

### बीच सड़क पर वाहन खड़ा करने वाले चालकों पर कार्रवाई

**जांजगीर-चाम्पा।** बीच सड़क पर भारी वाहन खडा करने के मामले में पुलिस ने 5 ट्रेलर चालकों के खिलाफ कार्यवाही करते हुए अपराध कायम कर लिया है। उक्त चालकों के खिलाफ पुलिस ने विभिन्न धाराओ के तहत अपराध कायम कर लिया है। मामला जांजगीर एवं अकलतरा क्षेत्र का है। इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सड़क दुर्घटना में कमी लाने के उदेश्य से हाइवे प्रेट्रोलिंग वाहन के द्वारा नेशनल हाइवे रोड में लगातार पेट्रोलिंग की जा रही है। इसी के तहत कई वाहन चालक अपने भारी वाहनो को बीच सडक पर ही खडा कर दे रहे है। इसी पर कार्यवाही करते हुए 5 ट्रेलर वाहनों को जब्त करने के साथ साथ वाहन चालकों के खिलाफ भी कार्यवाही की गई है। मामला जांजगीर एवं अकलतरा थाना क्षेत्र का है। इस मामले में वाहन चालकों के खिलाफ अलग अलग अपराध धारा 285 बीएनएस के तहत अपराध कायम किया गया है।



जिला मुख्यालय के लिंक रोड में मेट्रो सिनेमा के पास मुख्य मार्ग पर भरा पानी।



बारिश के बाद शंकर विहार कालोनी हुआ जलमग्न।



जांजगीर वार्ड नंबर-11 के गली में भरा पानी।



झमाझम बारिश का नजारा।



तलवापारा की गली बारिश से लबालबा।

### गली मोहल्लों में भरा पानी, कई मुख्य मार्ग जलमग्न, खेल खलिहान लबालब

# बारिश से शहर सहित अंचल तर-बतर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

पिछले दो दिनों से रुक-रुक हो रही बारिश से शहर सहित पूरा अंचल तर बतर हो गया है। गली मोहल्लों के अलावा मुख्य मार्ग पर जगह जगह बरसाती पानी का जमाव हुआ है। तो वहीं शहर के अधिकांश नालियां पाटो पाट बहने लगी है। इधर खेत खलिहान भी लबालब हो गए है।

शनिवार की रात पूरे अंचल में झमाझम बारिश हुई तो दूसरे दिन रविवार को भी बारिश की झड़ी लगी रही। दिनभर सूर्यदेव के दर्शन नहीं हुए। इधर बारिश के साथ मुख्य मार्ग के अलावा अधिकांश गली मोहल्ले जलमग्न हो गए। शहर की नालियां पाटो पाट बहने लगी है। जिला मुख्यालय जांजगीर में विवेकानंद मार्ग के स्टेट बैंक के पास, लिंक रोड, नैला मुख्य मार्ग, शारदा चौक, नेताजी चौक पूरा जलमग्न हो गया, तो इधर शहर के पुराना चंदनियापारा, बीडी महंत उपनगर, बुधवारी बाजार, गांधी चौक, सारथी मोहल्ला सहित कई मोहल्लों में नालियो का पानी सड़क के पानी के साथ बहने लगा। इन जगहों पर आधा से एक फीट तक पानी का बहाव रहा। कई घरों में बरसात का पानी भी घूसने की शिकायतें रही। पालिका का अमला जेसीबी लेकर दिनभर जाम नालियों को खोलने में लगा रहा। इधर झमाझम बारिश से ग्रामीण इलाकों में भी छोटे नाले और नदियों का जल स्तर बढ़ने लगा है। खेत खलिहान लबालब हो गए है। बलौदा, नवागढ़, पामगढ़ क्षेत्र के कई गांवों में लेई पद्धति से धान की बोआई करने वाले किसान पानी की अधिकता को लेकर चिंतित भी है। इसके अलावा रबि फसल वाले इलाकों में इस बारिश के बाद अब खेती किसानी के कामों में तेजी आने की उम्मीद है।



बारिश से बचने छतरी लेकर जाती महिला व युवती।

#### तहसीलवार बारिश के आंकड़ों पर एक नजर

तहसीलवार बारिश के आंकड़ों पर नजर डाली जाए तो रविवार 6 जुलाई को जांजगीर तहसील में 31.8 प्रतिशत बारिश हुई है। इसी प्रकार अकलतरा तहसील में 65.4, बलौदा तहसील में 61.5, नवागढ़ तहसील में 27.8, पामगढ़ तहसील में 17.1, चांपा में 45.6, शिवरीनारायण तहसील में 38.3, बम्हनीडीह तहसील में 28.3, सारागांव तहसील में 41.1 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। कुल मिलाकर देखा जाए तो सबसे अधिक वर्षा 65.4 मिलीमीटर अकलतरा तहसील में हुई है जबकि सबसे कम वर्षा 17.1 पामगढ़ तहसील में दर्ज की गई। भू-अभिलेख विभाग की मानें तो जांजगीर जिले में 356.9 प्रतिशत वर्षा हो चुकी है। जिले का औसत वर्षा 39.7 मिली मीटर है।

## राशि स्वीकृति के बाद कीचड़ व दलदल से ग्रामीणों को नहीं मिल रही निजात

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिर्रा

सिलादेही से मौहाडीह तीन किमी पक्की सड़क निर्माण के लिए शासन से 40 लाख रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति मिली है। बावजूद सड़क का निर्माण कार्य अब तक प्रारंभ नहीं हो पाया है। ग्रामीण एवं विद्यार्थी दलदल व कीचड़युक्त सड़क से होकर आने-जाने मजबूर है।

जनपद पंचायत बम्हनीडीह के अंतर्गत ग्राम पंचायत सिलादेही से मौहाडीह पहुंच मार्ग बदहाल हो गयाा है। इस मार्ग में अस्पताल, शासकीय हाईस्कूल, सेवा सहकारी समिति के अलावा सरस्वती शिशु मंदिर, ग्राम पंचायत भवन भी है। वर्तमान में इस मार्ग में कीचड़ व गड्ढे में पानी भरा होने के कारण लोगों की परेशानी बढ़ गई है। मार्ग में कीचड़ व गड्ढे में पानी भरा होने के कारण वाहनों के चलने से पढ़ने वाले बच्चे के कपड़े खराब हो रहे है। इधर वाहन चालक गड्ढे में पानी को भाप नहीं पाते जिसके कारण आये दिन वाहन चालक गड्ढे में गिर चोटिल हो रहे हैं। इस मार्ग की हालत को देखकर जैजैपुर विधायक बालेश्वर साहू को ग्रामीणों ने अवगत कराया। विधायक बालेश्वर साहू ने मामले को संज्ञान में लेकर प्रदेश उपमुख्यमंत्री अरुण साव को सिलादेही मौहाडीह तीन किमी पक्की सड़क के प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान करने के लिए ज्ञापन सौंपा। 4 दिसंबर 24-25 को चालीस लाख रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान करने के लिए लोकनिर्माण विभाग को भेजा गया था। आज भी इस मार्ग का निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ है। आम जनता आज भी दलदल कीचड़ से पार होकर गुजरने मजबूर है। वहीं सबसे ज्यादा बरसात के मौसम में भी इस मार्ग का नजारा देखने लायक है। वाहन चालक इस मार्ग से होकर गुजरते है तो गिरकर चोटिल होना आम बात हो गया है। सबसे ज्यादा पढ़ने वाले बच्चों को परेशानी हो रही है। बच्चें जान जोखिम में डालकर अपने विद्यालय आना-जाना करते हैं। वाहनों के चलने से विद्यार्थियों के कपड़े कीचड़ से खराब हो जाते है। लोगों ने अधिकारियों से शीघ्र ही सड़क निर्माण की मांग की है।



कीचड़युक्त सड़क।

## धारदार हथियार से हमला आरोपी पुलिस गिरफ्त में

**चाम्पा।** धारदार हथियार से हमला करने के मामले में फरार चल रहे आरोपी को 7 माह बाद गिरफ्तार किया गया है। आरोपी लगातार जगह बदलकर रह रहा था। मामला चाम्पा थाने के पुराने कालेज रोड का है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार कंवरपारा चाम्पा निवासी दिनेश केवट ने रिर्पोट दर्ज कराया कि वह अपने दोस्तो के साथ पिकनिक मनाने के लिए चाम्पा स्थित हनुमान धारा के पास गया हुआ था। इस दौरान राजा साहू के द्वारा दिनेश केवट को पानी लाने के लिए कहा गया। इस बीच प्रार्थी के द्वारा पानी लाने के लिए मना करने पर गाली गलौच करते हुए जान से मारने की धमकी देकर पहले तो हाथ मुक्के से मारपीट किया। इसके बाद धारदार हथियार हमला कर दिया गया, जिसके चलते उसे गंभीर चोट आई मौके को देखते हुए साथ में बैठे दोस्तों के द्वारा बीच बचाव किया गया। मामले की रिर्पोट दिनेश ने चाम्पा थाने में दर्ज कराई थी। इस घटना को लेकर आरोपी राजा के खिलाफ अपराध कायम किया गया था। इस मामले में आरोपी को सात महीने के बाद गिरफ्तार कर लिया गया है। इस कार्रवाई में चांपा निरीक्षक जयप्रकाश गुप्ता, प्रधान आरक्षक नरसिंग बर्मन, आरक्षक वीरेन्द्र सिंह, मुद्रिका दुबे सहित थाना स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा।

## संयुक्त संचालक ने कला संकाय को नहीं माना हिन्दी विषय, अब बलौदा समेत अन्य ब्लॉकों में अफसरों की मनमानी पर उठे सवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

शिक्षक संवर्ग के युक्तियुकरण में कला संकाय में हुई कलाकारी और अफसरों की कार्यशैली व प्रशासन की निष्क्रियता पर एक बार फिर से सवाल उठाने लगे है। दरअसल नवागढ़ बलॉक के एक शिक्षक के अभ्यावेदन को हिन्दी विषय नहीं मानते हुए संयुक्त संचालक ने कला संकाय मानकर निरस्त कर दिया गया। ऐसे में बलौदा, अकलतरा, पामगढ़ ब्लॉक में थोक में हुई गड़बड़ी और मनमानी की जांच व अभ्यावेदनों को निराकरण पर सबकी नजर जा टिकी है।

- युक्तियुकरण में जिले में हुआ बड़ा खेला, न्यायालय के आदेश के बाद भी समय सीमा में निराकरण नहीं

गौरतलब है कि जिले में शिक्षक संवर्ग युक्तियुकरण के लिए तैयार की गई अतिशेष शिक्षकों की सूची में जिम्मेदार विकासखंड शिक्षा विभाग के अमले ने जमकर मनमानी की है। कहीं वरिष्ठ शिक्षकों को स्नातक के आधार पर हिन्दी शिक्षक मानकर अतिशेष किया गया है तो कहीं कला संकाय मानकर अतिशेष सूची से अलग कियाा गया। सर्वाधिक शिकायतें बलौदा विकासखंड में है, जहां दर्जनभर से अधिक कला संकाय के शिक्षकों को हिन्दी विषय शिक्षक मानकर अतिशेष सूची में शामिल किया गया और कनिष्ठ को यथावत रखा गया। इसी तरह पामगढ़, अकलतरा और बम्हनीडीह ब्लॉक में भी शिकायतें मिली है। खास बात यह है कि जिन शिक्षकों को हिन्दी शिक्षक माना गया है उनकी नियुक्ति और पदोन्नति जिला पंचायत से कला संकाय में हुई है। ऐसे में यह भी सवाल है कि जिला पंचायत की नियुक्ति और पदोन्नति आदेश को विकासखंड शिक्षा अधिकारी कैसे बदल सकते है। इस मामले को लेकर थोक में शिकायतें भी हुई, लेकिन शिक्षा विभाग ही नहीं जिम्मेदार जिला प्रशासन भी आंख मूंदे बैठा रहा। ऐसे में असंतुष्ट शिक्षकों ने उच्च न्यायालय की शरण ली, जहां से उनके प्रकरणों पर अभ्यावेदन लेकर सुनवाई करने के आदेश दिए गए है, लेकिन माननीय न्यायालय दी गई समय सीमा में भी अभ्यावेदनों का निराकरण नहीं हो सका है। इधर इन सबके बीच संयुक्त संचालक शिक्षा बिलासपुर के एक आदेश ने इस मामले को एक बार फिर से सूर्खियों में ला दिया है।

बताया जाता है कि नवागढ़ ब्लॉक की एक शिक्षिका ने कला संकाय को हिन्दी विषय नहीं मानने को लेकर अभ्यावेदन प्रस्तुत किया था, जिसका निराकरण करते हुए संयुक्त संचालक शिक्षा संभाग बिलासपुर ने यह कहकर निरस्त कर दिया कि उनकी नियुक्ति और पदोन्नति कला संकाय में हुई थी। अतः उन्हें कला संकाय मानकर उनके अभ्यावेदन को निरस्त कर दिया गया। ऐसे में सवाल उठने लगा है कि आखिर बलौदा, अकलतरा और पामगढ़ ब्लॉक में कला संकाय के शिक्षकों को स्नातक के आधार पर हिन्दी विषय शिक्षक मानकर जो अतिशेष सूची में शामिल किया गया है उनके प्रकरणों का निराकरण कैसे होगा। बहरहाल कारण चाहे जो भी हो लेकिन युक्तियुकरण में कला संकाय व विषय शिक्षक मानने के अफसरों के इस नए मापदण्ड ने जहां पूरी युक्तियुकरण प्रक्रिया पर सवाल खड़े कर दिए है तो वहीं इस तरह के मामले में एक बीईओ की तत्काल निलंबन और बाकी को संरक्षण दिए जाने को लेकर भी न केवल शिक्षा विभाग, बल्कि प्रशासनिक अफसरों की भूमिका भी संदेह के घेरे में आने लगी है।



फाइल फोटो-

#### शीघ्र होगा निराकरण

जितने भी अभ्यावेदन मिले है, उनके निराकरण की प्रक्रिया चल रही है। कला संकाय को कला संकाय ही माना जाएगा, जिले में जितने भी प्रकरण है सभी का निराकरण अतिशीघ्र करेंगे।

-अश्वनी भारद्वाज,
जिला शिक्षा अधिकारी
जांजगीर-चांपा

### व्यापारी एवं खरीददारी को होती है प्रसाधन की समस्या

## स्वच्छ भारत मिशन के तहत बना सामुदायिक शौचालय में लटका ताला

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिर्रा

स्वच्छ भारत मिशन के तहत बनाए गए सामुदायिक शौचालय में ताला लटका रहता है, जिसके चलते व्यापारी सहित खरीददारों को प्रसाधन की समस्या से जूझना पड़ता है। इस तरह की समस्या विगत कई सालों से बनी हुई है, बावजूद इसके जिम्मेदार ध्यान नहीं दे रहे है।

स्वच्छ भारत मिशन के तहत ग्राम पंचायत बिर्रा में बाजार के पास तत्कालीन पंचायत द्वारा साढ़े तीन लाख राशि की लागत से सामुदायिक शौचालय का निर्माण कार्य किया गया है। निर्माण कार्य होने के बाद भी अभी तक सामुदायिक शौचालय में ताला लगा हुआ है। किसी ने सामुदायिक शौचालय के ताला बंद रहने की जानकारी दी है किन्तु किस कारण से सामुदायिक शौचालय का ताला लगाया गया है इसके बारे में कोई भी जानकारी नहीं दे रहे हैं। वहीं बाजार के पास लाखों की लागत से सामुदायिक शौचालय का निर्माण कार्य किया गया है ताकि यहां आने वाले लोगों के साथ व्यापारियों को प्रसाधन की सुविधा मिल सके। लेकिन सामुदायिक शौचालय में ताला लटके होने के चलते व्यवसायी व खरीददारों को परेशानी होती है। सामुदायिक शौचालय में लागा ताला खोलने को लेकर ना ही जिम्मेदार पंचायत प्रतिनिधि ध्यान दे रहे है और ना ही अधिकारी पहल कर रहे है, जिसका खामियाजा व्यापारियों के साथ खरीददारी करने पहुंचे लोगों को हो रही है, उन्हें प्रसाधन की समस्या जूझना पड़ रहा है।




सामुदायिक शौचालय में लटका ताला।


ग्लोबल प्रा. आई.टी.आई

ITI AKALTARA

Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T.
New Delhi (Govt. of India)

भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट

REGISTRATION OPEN

• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• C.O.P.A. (Computer) 1 Year (10th Pass) • FITTER* 2 Year (10th Pass)

मनका दाई मंदिर के पीछे, वार्ड नं. 3,
बलौदा रोड, अकलतरा , (जांजगीर-चांपा)
89595-93946 • 89595-44444

## खबर संक्षेप



### भैसमा में मनाया गया अंतरराष्ट्रीय सहकारिता दिवस

**भैसमा।** अंतरराष्ट्रीय सहकारिता दिवस पर जुलाई के प्रथम सप्ताह में प्रतिवर्ष 5 जुलाई को अंतरराष्ट्रीय सहकारिता दिवस के रूप में मनाया जाता है। इसी कड़ी में इस वर्ष एक पेड़ मां के नाम के तहत भैसमा में पौधरोपण, संगोष्ठी एवं सहकार से समृद्धि कार्यक्रम सभी सहकारी समितियों में आयोजित किये जा रहे हैं सहायक नोडल अधिकारी मुकेश पटेल ने अपने संबोधन में समिति द्वारा संचालित योजनाओं को विस्तार से बताया साथ ही साथ माइक्रो एटीएम से लेनदेन के प्रति किसानों को जागरूक किया गया। समिति प्रबंधक तुलेश्वर कौशिक, मोहम्मद जमाल खान, पर्यवेक्षक एचके चौहान, सहकारिता विस्तार अधिकारी, मंडल उपाध्यक्ष गोवर्धन पटेल, सरमन सिंह कंवर, जोगेंद्र कौशिक ने कार्यक्रम को संबोधित किया। इस मौके पर एचके चौहान, मुकेश पटेल, मोहम्मद जमाल खान, घनश्याम मरकाम, मेम सिंह कंवर, रामलाल कंवर, जेएल खूंटे, राजेंद्र बघेल, कु. सर्वमंगला तंवर, उदय सिंह कंवर आदि उपस्थित रहे।

### चैतमा में सहकारिता दिवस पर रोपे गए पौधे



**चैतमा।** सहकारिता दिवस के उपलक्ष में मां के नाम के तहत भारत भवन प्रांगण में सहकारिता विभाग लैंप्स प्रबंधक कमल दुबे, अमरनाथ कैवर्त, डीके, अजीज खान सरपंच राजलाल, सिंधराम व ग्रामीणों की उपस्थिति में क्षित किया गया पौधरोपण किया गया।

### सहकारिता दिवस पर बरपाली में किया गया पौधरोपण



**बरपाली।** अंतराष्ट्रीय सहकारिता दिवस के अवसर पर आदिम जति सेवा सहकारी समिती मर्यादित बरपाली में एक पेंड माँ के नाम पौधरोपण किया गया। इस दौरान 75 फलदार छायादार पौधे लगायागया। समिति प्रबंधक चंद्रेश कश्यप, श्रीमती गंगोत्री जनपद सदस्य, श्रीमती मनीषा कंवर रामजीवन सरपंच, शनी राम ग्राम, गोविंद प्रसाद, कोटवार अशोक दास व समिति के कर्मचारी उपस्थित रहे।

### एक दिवसीय राष्ट्रीय हड़ताल को लेकर हुई बैठक




**बांकीमोंगरा।** 9 जुलाई को होने वाले एक दिवसीय राष्ट्रीय हड़ताल को सफल बनाने शुक्रवार को कोरबा क्षेत्र के सीनियर रिक्रिएशन क्लब में (एसईसीएल) के सभी क्षेत्रों से चारों श्रमिक संगठनों इंटक, एटक, एचएमएस व सीटू के पदाधिकारी उपस्थित रहे। जिसमें मुख्य रूप से केंद्रीय पदाधिकारी गोपाल नारायण सिंह, अजय विश्वकर्मा, सुरेन्द्र मिश्रा व वीके मनोहर उपस्थित थे।

### ग्राम पंचायत कोरकोमा में चला स्वच्छता अभियान



**रजगामार।** बीते दिनों ग्राम पंचायत कोरकोमा में स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित कर दिया लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया। स्वयं सेवी ने बताया कि स्वच्छता दीदी और स्वच्छता कर्मी नहीं होने पर स्वच्छता कार्य ठीक से नहीं कर पाते हैं। रासेयो की मदद से इन्हें प्रेरणा मिली जिसकी वजह से ग्राम पंचायत भी साफ सुथरा हो रहा है। स्वयं सेविका ऋचा स्वर्णकार द्वारा स्वच्छता दीदी, स्वच्छता कर्मी और स्वयं सेवकों के साथ मिलकर एक दिवसीय स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित किया। सामुदायिक भवन, चौराहा, हाट बाजार और सड़कों में साफ सफाई की गई। कार्यक्रम भूपेंद्र स्वर्णकार, सोनू, विक्रांत, तनमय, मोनिका, अश्वनी, नयन, अमित, योगेश, शिवकुमारी आदि का योगदान रहा।

ढेंगुरनाला, रिस्दी पुल हुआ जर्जर, मरम्मत की है दरकार

# शहर के प्रमुख मार्ग और जर्जर पुल से लोग कर रहे आवागमन



जर्जर पुल से आवागमन करते लोग।



बारिश के दौरान सड़क पर भरा पानी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बरसात शुरु होने के पूर्व शहर की प्रमुख सड़के और पुल पुलियों के जर्जर होने के साथ बरसात में इनसे आवागमन को लेकर होने वाली परेशानी से क्षेत्रवासियों के द्वारा प्रशासन को अवगत कराने के बाद भी मरम्मत की ओर ध्यान नहीं दिए जाने के परिणाम स्वरुप प्रमुख सड़क और जर्जर पुल से आवागमन करना मजबूरी हो गई है।

सड़क की जो प्रमुख सड़कें जिनकी मरम्मत बीते बारिश के बाद टायरिंग से की गई थी वह इस बारिश में एक बार फिर उखड़ गई है। इन सड़कों में बने गढ्ढे यह बताते हैं कि इनके टायरिंग में किस तरह की लापरवाही की गई है। इन सड़कों से बरसात में गुजरना मुश्किल हो गया है। अंधेरे में रात के समय सफर करना हादसे को आमंत्रित कर रहा है। इंडस्ट्रियल एरिया से खरमोरा बस्ती जाने वाली प्रमुख सड़क की जर्जर समस्या को लेकर गर्मी से ही लोगों ने निगम और जिला प्रशासन को इसकी मरम्मत की ओर ध्यान दिलाया था। लोक निर्माण विभाग के द्वारा बनाई गई इस सड़क के प्रति विभागीय स्तर पर पहल नहीं किए जाने के कारण स्थानीय औद्योगिक इकाईयों के द्वारा अपने वाहनों के आवागमन हेतु मार्ग में बने गढ्ढों को मरुम मिट्टी से भरा गया है। जिससे आवागमन करना आम लोगों को मुश्किल हो गया है। खरमोरा बस्ती से लेकर न्यू हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के लोगों के लिए आवागमन हेतु यही एक मात्र सड़क है।

### मुरुम और मिट्टी से भरे जा रहे गड्ढे

आश्चर्य की बात है कि शहर और उपनगरीय क्षेत्रों के सड़कों में बने गढ्ढों को मुरुम और मिट्टी से भरा जा रहा है जबकि डीएमएफ की एक बड़ी राशि प्रशासन के पास होने के वाबजूद स्थायी रुप से गढ्ढों को भरने का काम स्थानीय एजेंसियों के माध्यम से नहीं कराया गया। वाहनों का फंसना मुरुम और मिट्टी के कारण तकलीफदेय हो रहा है।

मुरुम और मिट्टी डालने से सड़क कीचड़ में बदल गई है। दो पहिया वाहन और चार पहिया वाहन फंस रहे हैं। स्थानीय पार्षद ने भी इसके लिए निगम और प्रशासन को पत्र लिखा था लेकिन दोनों की ओर से पहल नहीं हुई। इसी तरह बालको रिंग रोड से रिस्दी जाने वाले मार्ग में ढेंगुरनाला पुल भी जर्जर हो चुका है। पुल के उपर गढ्ढे होने के कारण वाहन चालकों को हादसे का अंदेशा बना रहता है। पुल की जर्जर हालत के कारण ही एक वर्ष पूर्व दो महिला शिक्षकों की मौत हो गई थी, तब जाकर स्थानीय प्रशासन ने मरम्मत का काम किया और उसमें भी खाना पूर्ति नजर आई।

रिस्दी चौक के गढ्ढों को भी मलबे से भरा गया है। जिससे भारी वाहन आवागमन करते हैं जिनके गढ्ढों में फंसने के कारण जाम की स्थिति निर्मित हो जाती है।

# डेम में नहाते समय तीन लोग बहने लगे, एक लापता

हरिभूमि न्यूज ⏭ बांकीमोंगरा



शांतिलाल

दोपहर में बिना सायरन बजाए डैम से पानी छोड़ने से नीचे नहा रहे लोगों में एक युवक बहकर लापता हो गया। उसके दो रिश्तेदार तैरकर बच गए। घटना बांकीमोंगरा थाना अंतर्गत मढ़वाढोढ़ा गांव की है। जहां रहने वाले आजाद सिंह बिंझवार के यहां पोड़ी-उपरोड़ा ब्लॉक के रोदे गांव से उसका भांजा शांति राम बिंझवार (30) आकर रहते हुए मजदूरी करता है। शुक्रवार की दोपहर 1 बजे शांति अपने मामा आजाद सिंह व ममेरे भाई दुर्गेश के साथ मढ़वाढोढ़ा में डैम के नीचे नहाने पहुंचे थे। इसी दौरान डैम से पानी छोड़ दिया गया, जिससे वे तीनों बहने लगे। आजाद व दुर्गेश तैरकर बच गए पर शांतिलाल पानी में बह गया। मामा व भाई ने उसकी खोजबीन की पर वह नहीं मिला। सूचना पर बांकीमोंगरा पुलिस पहुंची। जहां उसकी खोजबीन की जा रही है, बांकीमोंगरा नगर पालिका परिषद के 18 नंबर वार्ड के निवासी व भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष गोवर्धन कंवर ने आरोप लगाया है कि एसीबी के डैम से गेट खोलकर पानी छोड़ने से पहले सायरन बजाने का नियम है, पर लापरवाही बरती गई है।

# बीच सड़क पर शराबी पी रहे शराब लोगों का आना-जाना हुआ मुश्किल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



मानिकपुर चौकी क्षेत्र में संचालित कुआंभट्ठा देशी शराब दुकान के बाहर इन दिनों शराबियों का जमावड़ा देखने को मिल रहा हैं। शराबी देशी शराब दुकान से शराब लेकर बीच सड़क पर बैठकर शराब का सेवन कर रहे हैं और मार्ग से गुजरने वाली महिलाएं को अश्लील इशारा करते हुए छेड़खानी की घटना को अंजाम दे रहे हैं। आए दिन हो रही घटनाएं के बाद भी पुलिस इन शराबियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं कर रही है, जिसका फायदा शराबियों द्वारा उठाया जा रहा हैं। शराब भट्टी के सामने कई कार्यालय संचालित है जिसमें युवक युवती व महिलाएं काम करती हैं। कार्यालय में काम करने वाले युवक युवती का आना जाना इसी मार्ग से होता है। शराबियों के बीच सड़क पर बैठे रहने से कर्मचारियों के मन में भय की स्थिति बना रहता है। इसी तरह शहर और आसपास सार्वजनिक स्थालों पर शराबखोरी करने वाले शराबियों की संख्या में भारी इजाफा हो रहा है।

# यातायात व्यवस्था, ब्लैक स्पॉट दुरुस्त करने कलेक्टर ने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



बैठक लेते कलेक्टर एवं अन्य अधिकारी।

**खास बात**

- कलेक्टर की अध्यक्षता में आयोजित हुई जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक

जिले में सड़क सुरक्षा को सुदृढ़ करने और यातायात व्यवस्था को और अधिक सुरक्षित व सुगम बनाने के उद्देश्य से कलेक्टर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम, यातायात सुगमता तथा सड़क मरम्मत व सुधार संबंधी विषयों पर गहन समीक्षा की गई।

कलेक्टर अजीत वसंत ने बैठक में उपस्थित सभी विभागों को सौंपे गए दायित्वों का गंभीरता से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए चिन्हित ब्लैक स्पॉट पर अविलंब सुधार कार्य किया जाए। साथ ही बारिश के मौसम को ध्यान में रखते हुए सड़कों के गड्ढों का भराव, आवश्यक मरम्मत और संकेतकों की व्यवस्था प्राथमिकता से की जाए। कलेक्टर ने तेज रफ्तार वाहनों की निगरानी, ओवरस्पीडिंग पर नियंत्रण तथा रात्रि में आवश्यक प्रकाश व्यवस्था करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि स्पीड ब्रेकर, स्पीड लिमिट बोर्ड एवं चेतावनी संकेतकों को स्पष्ट और उपयुक्त स्थानों पर बनाए जाएं ताकि सड़क दुर्घटनाओं की संख्या में कमी लाई जा सके। उन्होंने सभी निर्माण व रखरखाव एजेंसियों को निर्देशित किया कि सड़कों के किनारे झाड़ियों की छंटाई कराई जाए और मरम्मत योग्य हिस्सों को तुरंत दुरुस्त किया जाए। बैठक में एसपी सिद्धार्थ तिवारी, सहायक कलेक्टर क्षितिज गुरभेले, नगर निगम आयुक्त आशुतोष पांडेय, परिवहन अधिकारी विवेक सिन्हा सहित यातायात, पीडब्ल्यूडी, नेशनल हाईवे, एनएचएआई, बाल्को, एसईसीएल एवं अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

### बोईदा रासेयो ने चलाया स्वच्छता अभियान

**हरदीबाजार।** बोईदा के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा प्राचार्य लखनलाल बंजारे के संरक्षण में कार्यक्रम अधिकारी राजेन्द्र कुमार नायक के मुख्य मार्गदर्शन के साथ शासन प्रशासन के प्रमुख आदेश पर राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा सघन स्वच्छता अभियान चलाया कार्यक्रम अधिकारी राजेन्द्र कुमार नायक ने बताया कि अध्ययन अध्यापन के साथ-साथ स्वच्छता भी बहुत ही महत्वपूर्ण है विद्यालय के साथ-साथ आसपास को स्वच्छ रखने हेतु हम प्रतिबद्ध हैं। इकाई द्वारा विद्यालय परिसर में व सड़क किनारे सघन स्वच्छता अभियान के तहत स्वच्छता चलते हुए कूड़ा करकट निदान किया गया साथ ही घांस उन्मूलन, प्लास्टिक, कचरा निदान किया गया।

# नदी में बहे युवक का मिला शव

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

**खास बात**

- पुलिया निर्माण कार्य के दौरान तेज बहाव में बह गया था मजदूर

कटघोरा थाना क्षेत्र अंतर्गत कोरबी गांव में भारी बारिश के चलते एक बड़ा हादसा हो गया। पुलिया निर्माण कार्य के दौरान तेज बहाव में एक मजदूर बह गया, जिसकी लाश 40 घंटे बाद एसडीआरएफ और पुलिस टीम को नाले से बरामद हुई। मृतक की पहचान उदय कुमार सिंह (निवासी पलामू जिला, झारखंड) के रूप में हुई है, जो गेवरा-डोंगरगढ़ रेलवे ट्रैक बिछाने के प्रोजेक्ट में कार्यरत था। घटना गुरुवार दोपहर की है, जब क्षेत्र में अचानक तेज बारिश शुरू हो गई। उस वक्त उदय कुमार पुलिया निर्माण स्थल पर कार्यरत था। बारिश के चलते नाले में तेज बहाव आया और वह उसमें बह गया। सूचना मिलते ही एसडीआरएफ और पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और लगातार सर्च अभियान चलाया गया। लगभग 40 घंटे की मशक्कत के बाद शनिवार को उसका शव घटनास्थल से कुछ दूरी पर नाले में मिला। इस दर्दनाक हादसे ने निर्माण स्थल पर सुरक्षा उपायों की कमी और मानसून में जोखिमभरे कामों को लेकर कई सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय प्रशासन ने मामले की जांच शुरू कर दी है और पीड़ित के परिवार को आवश्यक सहायता देने की प्रक्रिया भी चल रही है।

### नुक्कड़ नाटक से दिया गया जागरूकता संदेश

**गेवरा-दीपका।** एसईसीएल दीपका क्षेत्र में चल रहे सुरक्षा कैंपेन अभियान के अंतर्गत विभिन्न जागरूकता गतिविधियों और प्रतियोगिताओं का आयोजन कर कर्मचारियों एवं उनके परिवारजनों को सुरक्षा के प्रति प्रेरित किया गया। 3 जुलाई को ऑफिसर क्लब प्रगति नगर दीपका में संपन्न हुआ। डीएवी स्कूल की शिक्षिका भुवनेश्वरी जायसवाल ने शानदार कविता पाठ किया, जबकि दीक्षा मिश्रा, अन्वेशा सिंह और अनुष्का सिंह ने भजन प्रस्तुत किए। टीम चरक द्वारा शंखनाद के साथ विशेष प्रस्तुति दी गई। नाटक के माध्यम से शराब के नशे में ड्यूटी करने से होने वाले हादसे का सजीव मंचन किया गया।

# शिक्षा के मंदिर में अनुशासन मूल मंत्र जिसे सबको अपनाना चाहिए : प्रेमचंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार



शाला प्रवेश उत्सव के दौरान विधायक श्री पटेल एवं अन्य।

**खास बात**

- संकुल स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव

पाली विकासखंड अंतर्गत हरदीबाजार शासकीय स्वामी आत्मानंद हिन्दी विद्यालय में शनिवार को संकुल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल ने मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर नव प्रवेशी बच्चों को मिठाई खिलाकर तिलक लगाकर पुस्तक वितरण कर प्रवेश दिया। विधायक श्री पटेल ने अपने उद्बोधन में कहा कि शिक्षा के इस मंदिर में अनुशासन वह मूल मंत्र है, जिसे न केवल विद्यार्थियों को बल्कि शिक्षकों और प्रत्येक संबंधित व्यक्ति को अपनाना चाहिए। अनुशासन वह नींव है, जिस पर एक उज्ज्वल, समर्पित और संस्कारित समाज की इमारत खड़ी होती है। इस अवसर पर भाजपा जिला मंत्री नरेश टंडन, शाला विकास समिति के अध्यक्ष चुलेशवर राठौर, जिलापंचायत उपाध्यक्ष प्रतिनिधि मुकेश जयसवाल, सरपंच लोकेश्वर कंवर, पूर्व जनपद सदस्य अनिल टंडन, वरिष्ठ भाजपा नेता जगदीश अग्रवाल, वरिष्ठ भाजपा नेता भुनेशवर राठौर, मन्नु सांई राठौर, सानिध्य सोलंकी, हीरालाल अहिर, प्राचार्य जीएस कंवर शिक्षक एवं के डहरिया, शिक्षिका व छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

TOP IN JANJGIR





## ‘सरजमीन’ का दमदार ट्रेलर जारी इब्राहिम से भिड़ते दिखे पृथ्वीराज...

**मुंबई।** अभिनेत्री काजोल इन दिनों फिल्म ‘मां’ में नजर आ रही हैं, जिसमें वह अपनी बेहतरीन अदाकारी के लिए जमकर वाहवाही लूट रही हैं। अब काजोल जल्द ही फिल्म ‘सरजमीन’ में नजर आएंगी। इस फिल्म में सैफ अली खान के बेटे इब्राहिम अली खान भी मुख्य भूमिका निभा रहे हैं, वहीं सुपरस्टार पृथ्वीराज सुकुमारन भी इस फिल्म का हिस्सा हैं। अब निर्माताओं ने ‘सरजमीन’ का दमदार ट्रेलर जारी कर दिया है, जो जबरदस्त एक्शन और सस्पेंस से भरपूर है। ‘सरजमीन’ के ट्रेलर में सुकुमारन एक फौजी की भूमिका निभा रहे हैं, जो अपनी सरजमीन के लिए कुछ भी कर गुजरने के लिए तैयार हैं। उन्हें अपनी जान की परवाह नहीं है।

लाइफ Style



# उर्फी

## चाहे कुछ कर लूं, नफरत ही मिलेगी


सोशल मीडिया स्टार और अभिनेत्री उर्फी जावेद अपने अतरंगी अंदाज को लेकर सुर्खियों में रहती हैं। उधर उनका बेबाक रवैया भी खूब चर्चा में रहता है। फिलहाल वह करण जौहर के रिएलिटी शो ‘द ट्रेटर्स’ को लेकर सुर्खियों में हैं।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

उन्होंने सभी प्रतियोंगियों को हराते हुए निकिता लूथर के साथ शो की ट्रॉफी अपने नाम कर ली है। हालांकि, शो को जीतने के बाद उन्हें गालियां सुनने को मिल रही हैं। खुद उर्फी ने ये खुलासा किया है। उर्फी शो ‘द ट्रेटर्स’ को लेकर चर्चा में हैं। उन्होंने बेहतरीन गेम खेला और इस रियलिटी शो को जीत भी लिया, लेकिन कुछ लोगों से उर्फी की यह जीत बर्दाश्त नहीं हुई। दरअसल, वो लोग अपनी पसंद के प्रतियोगी को जीतते हुए देखना चाहते थे। ऐसे में उन्होंने उर्फी को सोशल मीडिया पर गालियां और धमकियां दीं। इन गालियों का स्क्रीनशॉट उर्फी ने इंस्टाग्राम पर साझा किया और ट्रोलर्स के ऐसे रवैये पर नाराजगी जाहिर की।

उर्फी लिखती हैं, ‘जब आपको कोई लड़की पसंद नहीं आती तो आप उसे अपशब्द कह देते हैं। यह पहली बार नहीं है, जब मुझे इस तरह से धमकाया जा रहा है या गाली दी गई है। इस बार यह मेरे कपड़ों की वजह से नहीं, बल्कि इसलिए हुआ, क्योंकि मैंने एक शो जीता था। सोचिए आप इतने छोटे इंसान हैं कि जब आपका पसंदीदा प्रतियोगी नहीं जीतता है तो आप दूसरे शख्स को गाली देने और धमकी देने लगते हैं।’

### हॉलीवुड मसाला



## तेज रफ्तार से दौड़ रहीं एफ-1

**लॉस एंजिल्स।** एक ओर जहां हिंदी फिल्में बॉक्स ऑफिस पर संघर्ष कर रही हैं, वहीं दूसरी ओर हॉलीवुड स्टार ब्रैड पिट की ‘एफ1’ बॉक्स ऑफिस पर तेज रफ्तार से दौड़ रही है। एफ1 ने गुरुवार को भी 3.7 करोड़ रुपए का अच्छा कलेक्शन किया। इससे पहले बुधवार को फिल्म ने 3.48 करोड़ रुपए जुटा लिए थे। इस तरह से सात दिनों में फिल्म का कुल कलेक्शन 35.68 करोड़ रुपए तक पहुंच चुका है। जो कन्नप्पा और मां दोनों से बेहतर है। काजोल की फिल्म ‘मां’ और विष्णु मांचू की पैन इंडिया ‘कन्नप्पा’ को बॉक्स ऑफिस पर अब एक हफ्ते का समय पूरा हो चुका है।



## लंदन की सड़क पर ‘बम बम’ गाने पर किया डांस

लंदन। निक जोनस एक बार फिर से प्रियंका चोपड़ा के चाहने वालों का दिल जीतते नजर आ रहे हैं। उन्होंने एक लेटेस्ट वीडियो शेयर किया है जिसमें वो प्रियंका चोपड़ा की अपकमिंग फिल्म ‘हेड्स ऑफ स्टेट’ के लंदन प्रीमियर से ठीक पहले की है। सिंगर ने सोशल मीडिया पर एक मजेदार वीडियो शेयर किया, जिसमें उनके पीछे उनकी वाइफ छिपी है और जैसे ही वो कैमरे के सामने से हटते हैं, प्रियंका ‘बम बम’ गाने पर मटकने लगती हैं। अब एक बार फिर से लोगों ने इस कपल की तारीफ शुरू कर दी है। एक ने कहा- मैं इस कपल का फैन हूं। एक यूजर ने कहा- दोनों भी स्टनिंग। वहीं अन्य यूजर ने कहा- लेडीज़, ऐसे ही मर्दों को पार्टनर बनाएं जो हमेशा उन्हें खुद से ऊपर रखें। एक और ने कहा- किसी भी बॉलीवुड कपल से अधिक खुश हैं ये दोनों। एक ने कहा- निक प्रियंका के चियरलीडर हैं।



## सिद्धांत संग धड़क-2 का ट्रेलर 11 को रिलीज

**मुंबई।** सिद्धांत चतुर्वेदी और तृप्ति डिमरी की फिल्म ‘धड़क 2’ का दर्शक बड़ी ही बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। यह फिल्म इस साल की बहुचर्चित फिल्मों में से एक हैं। खास बात यह है कि यह पहला मौका होगा, जब सिद्धांत और तृप्ति पर्दे पर साथ दिखाई देंगे। ‘धड़क 2’ के निर्देशन की कमान शाजिया इकबाल ने संभाली है, वहीं करण जौहर फिल्म के निर्माता हैं। अब फिल्म ‘धड़क 2’ के ट्रेलर से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी सामने आ गई है।बॉलीवुड हंगामा की एक रिपोर्ट के अनुसार, ‘धड़क 2’ का ट्रेलर 11 जुलाई, 2025 को रिलीज किया जाएगा, जिसके लिए निर्माता मुंबई में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन कर रहे हैं। इस कार्यक्रम में तृप्ति, सिद्धांत, फिल्म निर्माता करण और निर्देशक शाजिया भी शामिल होंगे।



## मालिक का गाना राज करेगा मालिक जारी

**मुंबई।** अभिनेता राजकुमार राव जल्द ही फिल्म ‘मालिक’ में नजर आएंगे। उनकी यह फिल्म 11 जुलाई, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। इस फिल्म राजकुमार की जोड़ी पहली बार अभिनेत्री मानुषी छिल्लर के साथ बनी है और यह पहला मौका होगा, जब ये दोनों कलाकार पर्दे पर साथ दिखाई देंगे। अब निर्माताओं ने फिल्म ‘मालिक’ का नया गाना ‘राज करेगा मालिक’ जारी कर दिया है। इस गाने के बोल अमिताभ भट्टाचार्य ने लिखे हैं। ‘राज करेगा मालिक’ में राजकुमार का धांसू अवतार दिख रहा है, वहीं मानुषी जोरदार डांस करती नजर आ रही हैं। राजकुमार पहली बार गैंगस्टर बन बड़े पर्दे पर तहलका मचाने आ रहे हैं। इस फिल्म के निर्देशन की कमान पुलकित ने संभाली है, वहीं फिल्म का निर्माण कुमार तौरानी ने टिप्स फिल्म्स के बैनर तले किया जा रहा है।

### टीवी मसाला



## ‘अंगूरी भाभी’ को ‘संघर्ष’ से है दिक्कत बोलीं- ‘एक्टिंग करना आज भी मेरे लिए चुनौतीपूर्ण’

**नई दिल्ली।** लोकप्रिय टीवी शो ‘भाबीजी घर पर हैं’ में अंगूरी भाभी के किरदार से मशहूर अभिनेत्री शुभांगी अत्रे ने बताया है कि कई सालों तक कैमरे के सामने काम करने के बाद भी, उनके लिए एक्टिंग करना अभी भी एक चुनौती जैसा लगता है। उन्होंने कहा, ‘मुझे ‘संघर्ष’ शब्द थोड़ा नेगेटिव लगता है, लेकिन अभिनय में हर समय हम आगे बढ़ते रहते हैं। कई साल काम करने के बाद भी कुछ न कुछ नया सीखना पड़ता है। उन्होंने कहा कि सफर कभी खत्म नहीं होता, बल्कि समय के साथ और भी खास बनता जाता है। मुझे एक्टिंग कभी आसान नहीं लगती क्योंकि हर किरदार के अपने अलग भाव होते हैं। आप किसी और की जिंदगी में कदम रखते हो, और इसके लिए बहुत ईमानदारी और मेहनत करनी पड़ती है।

*‘छोटी-छोटी बातों में खुशी ढूंढ़ती हूं’* : लंबे शूटिंग और थकावट की स्थिति में वह खुद को किस तरह प्रेरित करती हैं, इस पर शुभांगी ने कहा, ‘मैं खुद को याद दिलाती रहती हूं कि मैंने यह काम क्यों शुरू किया था। मुझे सच में अपने काम से बहुत प्यार है और जब दिन मुश्किल होते हैं, तो मैं छोटी-छोटी अच्छी बातों में खुशी ढूंढ़ती हूं, जैसे कोई जबरदस्त डायलॉग या बेहतरीन सीन। यही चीजें मुझे आगे बढ़ने में मदद करती हैं।

### टीवी के बदलते दौर पर की बात

शुभांगी अत्रे ने टीवी पर कहानी कहने के बदलते तरीके पर भी अपनी बात बताई। उन्होंने कहा कि आजकल के ज्यादातर टीवी शो असल जिंदगी से प्रेरित हैं, जिससे कलाकारों को ज्यादा गहराई वाले किरदार निभाने का मौका मिलता है उन्होंने कहा, ‘टीवी पर कहानी कहने का बदलाव कलाकारों के लिए एक नया अध्याय जैसा है। अब किरदार जटिल और असली होते हैं। मुझे अच्छा लगता है जब मैं किसी भी किरदार के अलग-अलग पहलू दिखा पाती हूं। यह सब नया और बहुत मजेदार होता है।

### सोशल मीडिया व फीडबैक पर क्या बोलीं शुभांगी

शुभांगी ने सोशल मीडिया और फीडबैक के बारे में बात करते हुए कहा कि आजकल की भागदौड़ वाली दुनिया में दर्शकों की प्रतिक्रिया कभी-कभी प्रेरित करती है और कभी-कभी ज्यादा दबाव भी बना देती है। उन्होंने कहा, ‘दर्शकों का प्यार ऐसा होता है जैसे फ्यूल, जो आपको आगे बढ़ने में मदद करता है लेकिन मैं कोशिश करती हूं कि इस दबाव में न आऊं।

## सारा अली खान की पिछली पांच फिल्मों में एक भी नहीं हुई फ्लॉप

**मुंबई।** पिछले काफी समय से अभिनेत्री सारा अली खान फिल्म ‘मेट्रो... इन दिनों’ को लेकर सुर्खियां बटोर रही हैं। उनकी यह फिल्म आखिरकार 4 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। अनुराग बसु के निर्देशन में बनी इस फिल्म को समीक्षकों के साथ-साथ दर्शकों की तरफ से मिली-जुली प्रतिक्रिया मिल रही है। आइए हम आपको सारा की सिनेमाघरों में आई पिछली 5 फिल्मों और बॉक्स ऑफिस पर उनके प्रदर्शन के बारे में बताते हैं।

**‘केदारनाथ’** : सारा ने साल 2018 में आई फिल्म ‘केदारनाथ’ के जरिए अभिनय की दुनिया में कदम रखा था। इसमें उनकी जोड़ी दिवंगत अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत के साथ बनी थी, जिसे काफी पसंद किया गया। अभिषेक कपूर के निर्देशन में बनी यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर हिट साबित हुई। 50 करोड़ रुपये में बनी फिल्म ‘केदारनाथ’ ने दुनियाभर में 96 करोड़ रुपये का कारोबार किया था। इस फिल्म को आप ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर देख सकते हैं।

**‘सिम्बा’** : ‘केदारनाथ’ की सफलता के बाद सारा फिल्म ‘सिम्बा’ में नजर आई थीं, जिसके निर्देशक रोहित शेट्टी थे। सारा के साथ



इस फिल्म में रणवीर सिंह और सोनू सूद ने भी मुख्य भूमिका निभाई है। साल 2018 में आई यह फिल्म बॉक्स ऑफिस सुपरहिट साबित हुई। ‘सिम्बा’ को बनाने में केवल 90 करोड़ रुपये लगे थे और इस फिल्म ने दुनियाभर में 390 करोड़ रुपये का कारोबार किया। सारा की यह फिल्म भी जी5 पर उपलब्ध है।

**‘लव आज कल’** : साल 2020 में आई सारा की फिल्म ‘लव आज कल’ को काफी पसंद किया गया था। इसमें उनके जोड़ीदार कार्तिक आर्यन थे, वहीं रणदीप हुड्डा ने भी फिल्म में अहम भूमिका निभाई थी। इम्तियाज अली ने फिल्म के निर्देशन की कमान संभाली थी। सारा की इस फिल्म ने भी बॉक्स ऑफिस पर धुआंधार कमाई की। 50 करोड़ रुपये की लागत में बनी फिल्म ‘लव आज कल’ ने दुनियाभर में 117.27 करोड़ रुपये जुटाए थे। यह फिल्म नेटफ्लिक्स पर मौजूद है।

**‘जरा हटके जरा बचके’** : लक्ष्मण उतेकर के निर्देशन में बनी फिल्म ‘जरा हटके जरा बचके’ में सारा की जोड़ी पहली बार अभिनेता विक्की कौशल के साथ बनी थी। यह फिल्म 2 जून, 2023 को दर्शकों के बीच आई थी और यह बॉक्स ऑफिस पर सुपरहिट साबित हुई। ‘जरा हटके जरा बचके’ ने दुनियाभर में 116 करोड़ रुपये का कारोबार किया था, जबकि इस फिल्म का बजट 35 करोड़ रुपये था। जियो हॉटस्टार पर यह फिल्म देखी जा सकती है।

## बॉक्स ऑफिस पर ‘अल्फा’ से टकराएगी अदिवी शेष की ‘डकैत’

**मुंबई।** अदिवी शेष इन दिनों फिल्म ‘डकैत: एक प्रेम कहानी’ को लेकर चर्चा में हैं। फिल्म में उनकी जोड़ी मृणाल ठाकुर के साथ बनी है और यह पहला मौका होगा, जब ये दोनों कलाकार पर्दे पर साथ दिखाई देंगे। अनुराग कश्यप भी इस फिल्म का हिस्सा हैं। ‘डकैत’ को 25 दिसंबर, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज किया जाएगा। बॉक्स ऑफिस पर इस फिल्म का सामना आलिया भट्ट की ‘अल्फा’ से होने वाला है। अब अदिवी ने इस पर प्रतिक्रिया दी है।

### यह फिल्म जरूर चलेगी : अदिवी

बॉलीवुड हंगामा के साथ खास बातचीत में अदिवी ने ‘डकैट’ और ‘अल्फा’ के बीच टकराव पर कहा, मुझे नहीं लगता कि कोई जानबूझकर किसी फिल्म के साथ टकराव करना चाहता है। रिलीज तारीख तय करते समय बहुत सारी चीजें सामने आती हैं। एक अच्छी फिल्म को देखने के लिए दर्शन सिनेमाघर आते ही हैं। अगर आप फिल्म को अच्छी तरह से बनाते हैं और इसका सही तरीके से प्रचार करते हैं, तो यह जरूर चलेगी।





### अदिवी ने आगे क्या कहा?

अदिवी ने आगे कहा, मुझे ‘डकैत’ के लिए साउथ के लोगों को भी ध्यान में रखना होगा, क्योंकि इसे हिंदी और तेलुगु में शूट किया जा रहा है। मेरी पहली हिंदी फिल्म ‘मेजर’ भी अक्षय कुमार की ‘सम्राट पृथ्वीराज’ और कमल हासन की ‘विक्रम’ से टकराई थी। ‘डैकत’ की बात करें तो इस फिल्म का निर्देशन शैनिल देव ने किया है। उधर, ‘अल्फा’ में आलिया के साथ शरवरी वाघ नजर आएंगी। इस फिल्म के निर्देशक शिव रवैल हैं।

## 375 करोड़ के बजट पर बन रही यह फिल्म भारत की बड़ी फिल्मों में से एक

# ‘कुली’ में आमिर खान लेंगे रजनीकांत से सीधी टक्कर

***मुंबई।** आमिर खान फिल्म ‘सितारे जमीन पर’ को लेकर सुर्खियों में हैं। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर बढ़िया प्रदर्शन कर रही है। पिछले दिनों आमिर ने अपनी इस फिल्म की सफलता का जश्न भी मनाया। फिल्म की कहानी से लेकर आमिर के अभिनय तक ने दर्शकों को उनका मुरीद बना दिया है, वहीं खुद आमिर ने भी फिल्म की सफलता से राहत की सांस ली है। इसी बीच अब रजनीकांत की फिल्म ‘कुली’ से उनकी पहली झलक सामने आ गई है।*

### ‘दाहा’ बनकर दिल जीतने आ रहे आमिर

पिछले काफी समय से खबर आ रही थी कि रजनीकांत की फिल्म में आमिर का जबरदस्त कैमियो होने वाला है, लेकिन किसी ने भी इस पर अपनी मोहर नहीं लगाई थी। अब आखिरकार फिल्म से आमिर का पोस्टर रिलीज कर दिया गया है, जिसे देख अभिनेता के प्रशंसकों की खुशी का ठिकाना नहीं है। आमिर बेहद कूल अंदाज में नजर आ रहे हैं और फिल्म में उनके किरदार का नाम ‘दाहा’ होने वाला है।



### देखने लायक होगी आमिर और रजनीकांत की भिड़ंत

‘कुली’ में कई जबरदस्त एक्शन सीन देखने को मिलेंगे। इनमें से एक सीन रजनीकांत और आमिर के बीच होगा, जिसमें दोनों के बीच एक तगड़ा टकराव देखने को मिलेगा। फिल्म में आमिर का किरदार भले ही 15 मिनट का हो, लेकिन इस सीक्वेंस को शूट करने के लिए उन्होंने पूरे 10 दिन की शूटिंग की है, क्योंकि वो सब कुछ बेहतरीन तरीके से करना चाहते थे। दोनों के इस सीक्वेंस में जोरदार डायलॉग्स और झन्नाटेदार एक्शन देखने को मिलेगा।

### भयंकर ट्विस्ट लेकर आएगा आमिर का कैमियो

आमिर भले ही फिल्म में कैमियो कर रहे हों, लेकिन यह ‘कुली’ की कहानी में एक भयंकर ट्विस्ट लेकर आएगा, कुछ ऐसा, जिसे देख दर्शकों के होश उड़ जाएंगे। 375 करोड़ रुपये के बजट पर बन रही ‘कुली’ भारत की बड़ी फिल्मों में से एक है। फिल्म के निर्देशन की कमान लोकश कनगराज ने संभाली है। फिल्म को लेकर इतना उत्साह देखते हुए इसके इंटरनेशनल राइट्स भी 68 करोड़ रुपये में बिके हैं।

### *‘वॉर 2’ से बॉक्स ऑफिस पर भिड़ेगी ‘कुली’*

*‘कुली’ का सामना सिनेमाघरों में ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर की ‘वॉर 2’ से होगा। दरअसल, ये दोनों ही फिल्में इस साल 14 अगस्त को बड़े पर्दे पर रिलीज होने वाली हैं। ‘वॉर 2’ के जरिए एनटीआर बॉलीवुड में अपनी शुरुआत कर रहे हैं, वहीं कियारा आडवाणी भी इसका हिस्सा हैं। यशराज के स्पाई यूनिवर्स की ये फिल्म ब्लॉकबस्टर फिल्म ‘वॉर’ का सीक्वल है। अब देखना होगा कि बॉक्स ऑफिस पर ‘कुली’ और ‘वॉर 2’ में कौन बाजी मारती है।*

**खबर संक्षेप**

## सेवा सहकारी समिति जेवरा में एक पेड़ मां के नाम लगाए पौधे



**पामगढ़।** अंतराष्ट्रीय सहकारिता दिवस के अवसर पर शासन के निर्देशानुसर एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत सेवा सहकारी समिति जेवरा में फलदार आम, अमरूद एवं छायादार पेड़ पीपल, बड़, कदम का पेड़ शामिल हैं । इस अवसर पर कृषि विस्तार अधिकारी एस एल उराँव, सोसायटी अध्यक्ष चंदा राम कश्यप, प्रबंधक त्रिलोकी कांत, आपरेटर केशर जांगड़े, आशितोष मधुकर, बसंत कश्यप रविंद्र लहरे सहित किसान एवं ग्राम वासी उपस्थित थे।

## नवोदय विद्यालय चिस्दा में करन का हुआ चयन

**बिर्रा।** मां शारदा विद्या मंदिर बिर्रा के छात्र करन कुमार यादव चयन नवोदय विद्यालय चिस्दा में



हुआ है। करन बिर्रा निवासी बुंदराम यादव के पुत्र है। बताया जाता है कि उनका चयन नवोदय विद्यालय चिस्दा में सत्र 2025-26 के लिए प्रतिक्षा सूची से हुआ है। करन के चयन होने से परिजनों एवं ग्रामीणें ने उज्वल भविष्य की कामना की है।

## शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय सोंठी में मनाया गया शाला प्रवेशोत्सव



**सक्ती।** ग्राम पंचायत सोंठी के शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय सोंठी मे शाला प्रवेश उत्सव एवं प्रतिभा सम्मान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सरपंच श्रीमती राखी यादव, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती विद्या सिदार, सहायक विकास खंड अधिकारी रामकुमार पटेल, संकुल समन्वयक राम कुमार कांत, उपसरपंच मुकेश डेंसिल, शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला के प्रधान पाठक हीरानंद साहू, नवीन प्राथमिक शाला मिल मोहल्ला के प्रधानपाठक महेंद्र राठौर, शिक्षक शिक्षिका एवं बच्चे व ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## मुंबई में शिक्षा शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित हुए डॉक्टर महंत




**जांजगीर-चांपा।** रेडिएंट टैलेंट बुक ऑफ रिकॉर्ड संस्था ज्ञान उदय फाउंडेशन द्वारा मुंबई के स्वर समाज्ञी लता मंगेशकर नाट्यशाला ऑडिटोरियम में आयोजित अखिल भारतीय प्रतिभा सम्मान कार्यक्रम में देश भर के शिक्षा, साहित्य, चिकित्सा, नृत्य,कला संगीत और समाज सेवा में विशेष योगदान देने वाले व्यक्तियों को सम्मानित किया गया। इसमें छत्तीसगढ़ के जांजगीर-चांपा जिले के सारागांव थाना अंतर्गत ग्राम कमरीद निवासी डॉक्टर टंकेश कुमार महंत को 12वर्षों से अधिक समय तक मंजिल गुरुकुल संस्था के माध्यम से ऑनलाइन, ऑफलाइन निःशुल्क प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी करवाने, बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने, जरूरत मंद को रक्तदान करने और ब्लड व्यवस्था करने और युवाओं को मार्गदर्शन के साथ समाज सेवा करने के लिए मुंबई में शिक्षा शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। शिक्षा सेवा पुरस्कार प्राप्त होने से समाज, माता पिता ,मंजिल गुरुकुल संस्थान के शिक्षकों,छात्र छात्राओं में हर्ष व्याप्त हैं।

## सेवा सहकारी समिति मेहंदी में लगाए गए फलदार व छायादार पौधे



**पामगढ़।** सेवा सहकारी समिति मर्यादित मेहंदी में एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत 30 पौधे का रोपण किया गया। जिसमें आम,पीपल, जामुन, अमरूद, कदम जैसे फलदार एवं छायादार पेड़ शामिल हैं। इस अवसर पर समिति के प्राधिकृत अधिकारी रामकुमार श्रीवास, शाखा प्रबंधक भूपेंद्र सिंह, पर्यवेक्षक अश्वनी साहू , संस्था प्रबंधक सुखदेव यादव, कृषक विनोद पटेल, रामलाल, उमाशंकर, भोकाडी पटेल, शिवलाल, उमेदराम, टीकाराम पटेल सहित समिति के कर्मचारी उपस्थित थे।

### कानूनों के क्रियान्वयन पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित

# आम जनता को त्वरित न्याय दिलाने के लिए बनाई गई है नवीन भारतीय न्याय संहिता : शक्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

नवीन कानूनों के क्रियान्वयन पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन पुलिस लाइन जांजगीर में किया गया। कार्यशाला में विशेष रुप से जिला एवं सत्र न्यायाधीश शक्ति सिंह राजपूत, अपर सत्र न्यायधीश जांजगीर शैलेन्द्र चौहान, पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय, वैज्ञानिक अधिकारी श्रीमती आकांक्षा सिंह उपस्थित थे। कार्यशाला के दौरान ई-साक्ष्य, ई-समंस, आई.ओ. मितान एवं नवीन कानून के संबंध में विस्तृत जानकारी दिया गया।

नवीन अपराधिक कानूनों में शामिल किए गये तकनीकी प्रक्रियाओं नवाचारों को घरातल पर प्रभावी रूप से लागू करने एवं नवीन कानून के क्रियान्वयन के संबंध 6 जुलाई को पुलिस लाइन जांजगीर के सभा कक्ष में कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिला एवं सत्र न्यायाधीश जांजगीर शक्ति सिंह राजपूत ने अपने उद्बोधन में बताया कि नवीन भारतीय न्याय संहिता आम जनता को न्याय दिलाने के लिए बनाया गया है, जिससे आम जनता को न्याय मिलने में विलंब न हो, पुलिस एवं न्यायालय के लिए समय निर्धारित किया गया है, महिलाओं से संबंधित अपराधों में दण्ड का प्रावधान करते हुए



कार्यशाला में उपस्थित अधिकारी-कर्मचारियों को संबोधित करते पुलिस अधीक्षक।

महिलाओं से संबंधित अपराधों को कठोर बनाया गया है, धारा-4 भारतीय न्याय संहिता में सामुदायिक सेवा, न्याय-व्यवस्था का दंड से न्याय की ओर बढ़ता कदम है। भारतीय साक्ष्य अधिनियम के अंतर्गत घर या व्यवसायिक स्थान या अन्य जगह की तलाशी लेगें तो उसकी कंपलसरी फोटोग्राफी/वीडियोग्राफी की जायेगी वह न्यायालय में मान्य होगा, इस प्रकार न्यायालय में प्रकरण में विलब नहीं होगा और जल्द से जल्द आरोपी को सजा भी हो जायेगी। अपर सत्र न्यायधीश जांजगीर शैलेन्द्र चौहान ने बताया कि एनडीपीएस के प्रकरण में कार्यवाही के दौरान विवेचनाधिकारी को गंभीरता से कार्यवाही करते हुए मौके पर ही आरोपी के कब्जे से गवाहों के समक्ष जप्ती कार्यवाही करते हुए मौके पर ही तौल करते हुए प्रदर्श को सीलबंद करना चाहिए। पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय ने कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा पारित नए अपराधिक कानून भारत की न्याय प्रणाली में ऐतिहासिक बदलाओं लेकर आयें है। इन कानूनों में पीड़ितों के अधिकारों की सुरक्षा, महिलाओं एवं बच्चों के विरुद्ध अपराधों के लिए कठोर दण्ड का प्रावधान एवं पुलिस प्रक्रिया में तकनीकी नवाचार जैसे घटना स्थल का निरीक्षण, तलाशी और जप्ती, पुलिस अधिकारियों द्वारा तलाशी, ब्यान की रिकार्डिंग की विडियोग्राफी तथा केस की डिजिटल ट्रैकिंग शामिल है। वैज्ञानिक तकनीकी अधिकारी एफएसएल जांजगीर श्रीमती आकांक्षा सिंह ने बताया कि नवीन भारतीय न्याय संहिता 1 जुलाई 2024 को लागू किया गया था जिसे- 1 वर्ष पूर्ण हो चुके है। ई कोर्ट, ई फारेंसिक, ई जस्टिस सिस्टम को सपोर्ट कर सके, वैज्ञानिक साक्ष्यों का संकलन किस प्रकार से करना है। वैज्ञानिक साक्ष्यों को परीक्षण के लिए पहुचाने तक चैन ऑफ कस्टडी का ध्यान रखना होता है इस प्रोसेस मे चिकित्सा का महत्वपूर्ण योगदान है। सैम्पल इस प्रकार से कलेक्ट करना है जिससे वो जिस रूप में लिए गए है उसी रूप मे परीक्षण के लिए पहुँचे इसके लिए पैकिंग एवं टाइम का बहुत महत्व है। कार्यशाला का संचालन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कुमार कश्यप के नेतृत्व में रक्षित निरीक्षक प्रदीप कुमार जोशी द्वारा किया गया। कार्यशाला में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात उदयन बेहार, सीएसपी जांजगीर श्रीमती कविता ठाकुर, एसडीओपी चांपा यदुमणि सिदार, डीएसपी विजय पैकरा, प्रदीप कुमार सोरी, श्रीमती सात्यकला रामटेके सहित जिले के थाना चौकी प्रभारीगण उपस्थित रहे।



जागरुकता कार्यक्रम में उपस्थित छात्र-छात्राएं।

## पर्यावरण के प्रति सभी को सजग होना जरुरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

वेल विशर फाउंडेशन द्वारा रेवा राम कश्यप उच्चतर माध्यमिक शाला पौना में पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कर विद्यार्थियों को पर्यावरण संवर्धन के लिए जागरूक किया गया।

जागरूकता कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए पूर्व प्राचार्य पंकज केसरी जी ने कहा कि वेल विशर फाउंडेशन द्वारा पर्यावरण को ले कर जागरूकता कार्यक्रम एक अच्छी सोच है। आज हमारा समाज पर्यावरण के प्रति सजग नही है। यदि हम जागरूक नही हुए तो आने वाली पीढ़ी को उसका दुष्परिणाम झेलना होगा। अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के सत्य नारायण यादव ने छात्र छात्राओं को पेड़ के महत्व के बारे में बताया कि एक पेड़ से हमे फल फूल लड़की के अलावा और भी बहुत से फायदे देते है। एक पेड़ 1 साल में 1 लाख लीटर ऑक्सीजन देता है। साथ ही प्लास्टिक के चीजो का उपयोग कम से कम करने को कहा। विद्यालय के प्राचार्य संजय कश्यप ने वेल विशर फाउंडेशन को उनके लगातार समाज के लिए कर रहे अच्छे कार्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए पर्यावरण के लिए जागरूकता की सराहना की। वेल विशर फाउंडेशन के अध्यक्ष अविनाश सिंह ने बच्चो को कम से कम एक पेड़ लगाने के लिए प्रेरित किया व उनको बड़ा करने को कहा। कार्यक्रम का संचालन वेल विशर फाउंडेशन के सचिव चिराग शर्मा ने किया एवं आभार प्रदर्शन सदस्य दीपक साहू ने किया।

## बाहुड़ा यात्रा के साथ अपने धाम लौटे भगवान जगन्नाथ

**गोधना।** आदर्श ग्राम गोधना में भगवान श्रीजगन्नाथ की रथ यात्रा परंपरागत उत्साह और श्रद्धा के साथ निकाली गई। बाहुड़ा यात्रा के रूप में भगवान अपने मौसी के घर से वापसी करते हुए पुनः अपने मूल धाम गायत्री मंदिर प्रांगण पहुंचे। इस अवसर पर ग्रामवासी भक्ति के रंग में रंगे नजर आए। रथयात्रा की शुरुआत ग्राम सरपंच अजय साहू के निवास से हुई, जो महावीर मोहल्ला, मिलन चौक, भाठापारा, संतोषी चौक, शेरा चौक, अंबेडकर चौक और शांति मोहल्ला से होती हुई गायत्री मंदिर पहुंची। पूरे मार्ग पर श्रद्धालुओं ने फूलों से स्वागत किया। बच्चों और महिलाओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। रथ खींचने में ग्राम की महिलाएं, बुजुर्ग, युवा और बच्चे पूरे समर्पण से शामिल हुए।गायत्री मंदिर पहुंचने पर आचार्य नीलेश शुक्ला द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा की आरती कर पुनः मंदिर में



स्थापना की गई। ग्रामीणों द्वारा जगह-जगह भजन-कीर्तन और प्रसाद वितरण की व्यवस्था की गई थी। धार्मिक आयोजन को सफल बनाने गयाराम यादव, नारायण प्रसाद यादव, सुरेश यादव, कन्हैया श्रीवास, गोपालहरि श्रीवास, रामकृष्ण साहू, जोगीराम साहू, सम्मेलाल साहू, गुहाराम साहू, अर्जुन धीवर, वेदराम साहू, शेषनाथ साहू, लकेशर साहू, नत्थू धीवर, हरि साहू, धीरसाय धीवर, उमेद साहू, जगन्नाथ यादव सहित ग्रामीणों का योगदान रहा।

## बच्चों ने समझा पौधरोपण का महत्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

लायंस डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल, अकलतरा में 1 जुलाई से 5 जुलाई तक 'वन महोत्सव सप्ताह' का आयोजन अत्यंत उत्साह और पर्यावरण संरक्षण की भावना के साथ किया गया। सप्ताह की शुरुआत नर्सरी से कक्षा तक के विद्यार्थियों द्वारा बीज अंकुरण एवं ग्रीन डे के आयोजन से हुई, जिसमें बच्चों ने पौधों के महत्व को समझा और हरियाली का संदेश फैलाया। कक्षा तीसरी से पांचवीं तक के छात्रों के लिए फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन हुआ जिसमें छात्रों ने पर्यावरण से जुड़े किरदारों को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया।कक्षा छठवीं से आठवीं के छात्रों ने पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन प्रस्तुत किया। साथ ही वन महोत्सव पर आधारित रंगोली प्रतियोगिता में छात्रों ने अपनी सृजनात्मकता को उजागर किया। कक्षा नवमी से बारहवीं तक के छात्रों के लिए हाउस बोर्ड सजावट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें पर्यावरण विषयक चित्रों, नारों और जानकारी से बोर्ड सजाए गए। इसके अतिरिक्त, अंग्रेजी वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया जिसमें छात्रों ने वनों के संरक्षण पर पक्ष और विपक्ष में प्रभावशाली तर्क प्रस्तुत किए। कार्यक्रम को संबोधित

- लायंस डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल में वन महोत्सव सप्ताह का किया गया आयोजन



वन महोत्सव के दौरान पौधरोपण करते छात्र-छात्राएं एवं शिक्षक।

करते हुए विद्यालय के प्राचार्य सुनील श्रीवास्तव ने कहा कि'एक पेड़ मॉं के नाम' का संदेश देते हुए सभी विद्यार्थियों से अपील की कि वे सभी इस नेक कार्य से जुड़े और आगे आएं। साथ ही उन्होंने सभी छात्रों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक रहने और हर वर्ष अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने की प्रेरणा दी। प्राचार्य सहित सभी कक्षा समूहों ने 'एक पेड़ मॉं के नाम' पर विद्यालय प्रांगण में पौधारोपण किया। इस अवसर पर विद्यालय के नर्सरी से कक्षा 12वीं तक के विद्यार्थियों ने विविध रचनात्मक और शैक्षिक गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लिया।

## भारतीय किसान संघ की बैठक में विभिन्न बिंदुओं पर हुई चर्चा

**फगुरम।** भारतीय किसान संघ तहसील इकाई अड़भार की बैठक अध्यक्ष तीजू राम यादव के आह्वान पर मां अष्ट भुजी मंदिर में जिला अध्यक्ष रमाकांत चन्द्रा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में डीएपी,खाद की समस्या, प्रत्येक व्यक्ति को एक बृक्ष अपनी धरती मां के नाम, गुणवत्ता वाले धान बीजों का चयन करें, उचित खरपतवार नियंत्रण दवाई का उपयोग, जैविक खेती को लाभकारी बनाना, भारतीय किसान संघ को मजबूत बनाने चर्चा हुई। साथ ही सक्ती जिला के महामंत्री वेदप्रकाश वर्मा ने संगठन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष हीरामणी वर्मा, तहसील इकाई अड़भार से समेलाल बरेठ, गीता गवेल, रम्हैयालाल यादव, महिला शक्ति के श्रीमती सरोजिनी गवेल, देवीसिंह यादव, खगेश्वर प्रसाद गवेल, रोहित कुमार सिदार, राधे श्याम यादव, रोशन चन्द्रा राजू यादव आदि आदि सदस्य बड़ी संख्या उपस्थित थे।



## आज के बच्चे कल के भविष्य, पढ़ाई व्यवस्था सुचारु बनाने शिक्षक दें विशेष ध्यान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बाराद्वार

बाराद्वार स्थित अंबेडकर भवन में संकुल स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया। उपस्थित सभी नव प्रवेशी छात्र-छात्राओं को सर्वप्रथम तिलक लगाते हुये एवं माला पहनाकर साथ सभी विद्यार्थियों को मिठाई खिलाया गया।

- अंबेडकर भवन में मनाया गया संकुल स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव

बाराद्वार संकुल के करीब आधा दर्जन स्कूल के छात्र-छात्राएं उपस्थि रहे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व विधायक डॉ.खिलावन साहू ने कहा कि आज के बच्चे कल के भविष्य हैं इनकी पढ़ाई व्यवस्था को सुचारू बनाने के लिये शिक्षक विशेष ध्यान देवें। जिला पंचायत के सभापति आयुश शर्मा ने कहा कि



शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि एवं छात्र-छात्राएं।

स्कूल एक शिक्षा का मंदिर है जहां गुरूजन बच्चों को उनके उज्जवल भविष्य के लिये अनेक उपाय करते हैं वहीं स्कूल में शिक्षा के साथ साथ उन्नत सोच एवं अग्रणी शिक्षा की जानकारी भी मिलती है। नगर पंचायत अध्यक्ष नारायण कुर्रे ने कहा गया कि शिक्षा जीवन में इतना महत्वपूर्ण है कि बिना शिक्षा से जीवन में सब कुछ अधूरा है। भाजपा नेता रमेश सिंघानिया, मोहन लाल तोदी, भाजपा मुख्यमंत्री प्रशंसक फोरम के प्रदेशाध्यक्ष जगेश राय ने भी उपस्थित छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुये शिक्षा की महत्वा पर प्रकाश डाला। नगर पंचायत बाराद्वार के उपाध्यक्ष जितेश शर्मा ने कहा कि जीवन में पढ़ाई अत्यंत जरूरी है, पर ज्ञान के लिये गुरू की आवश्यकता भी अत्यंत जरूरी है क्यूंकि यदि शिक्षक ही न हो तो शिक्षा कैसे मिलेगी। नगर के एक स्कूल में बच्चें अध्ययनरत तो हैं किन्तु उनको शिक्षा देने वाले शिक्षकों की कमी है। श्री शर्मा ने शासन से मिलने वाले अपने मानदेय को स्कूल में शिक्षक की अस्थाई रूप से भर्ती कर उस शिक्षक को देने की घोषणा की।

वे जब तक नगर पंचायत से मिलने वाली मानदेय मिलेंगी उस राशि को वेतन के रूप में अस्थाई शिक्षक को प्रदान करेंगे उनके इस घोषणा से बच्चों ने उन्हे धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में उपस्थित छात्राओं ने जब अवगत कराया कि उनके स्कूल में पीने के पानी की बहुत समस्या है, जिस पर जितेश शर्मा ने शीघ्र ही स्वयं की ओर से शासकीय कन्या स्कूल बाराद्वार में आर.ओ. वाटर कूलर प्रदान करने की घोषणा की।

## ज्ञानदीप स्कूल में विवेकानंद को किया याद

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

ज्ञानदीप उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जांजगीर में स्वामी विवेकानंद की पुण्यतिथि पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि एल.एस. गौतम, विशेष अतिथि श्रीमती योग माया तिवारी, सतीश साहू उपस्थित रहे।

कार्यक्रम ज्ञानदीप स्कूल के प्राचार्य डॉ. अखिलेश कटकवार के दिशा निर्देशन में संचालित किया गया। इस कार्यक्रम में शाला एन एस एस के सभी छात्र उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन रंजीत डहरिया (रासेयो) कार्यक्रम अधिकारी द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि एल.एस. गौतम द्वारा आध्यात्मिक गुरु स्वामी विवेकानंद के जीवन पर्यंत को विस्तार पूर्वक छात्रों को बताया। श्रीमती योग माया तिवारी एवं सतीश साहू ने स्वामी विवेकानंद के जीवन, उद्देश्य एवं इतिहास के बारे में प्रकाश डाला। उन्होंने यह भी बताया कि कैसे स्वामी विवेकानंद जी को अध्यात्म की ज्ञान हुई तथा क्यों उनको महान आत्मा,अमर आत्मा एवं संत कहा गया। स्वामी विवेकानंद महान संत, विचारक और आध्यात्मिक गुरु,जिन्होंने भारत



के प्राचीन दर्शन को विश्व मंच पर स्थापित किया। स्वामी जी का विश्वास था कि प्रत्येक आत्मा में ईश्वरीय शक्ति निहित है और इस शक्ति को जागृत करना ही मानव जीवन का उद्देश्य है । उठो जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य की प्राप्त न हो - यह उनका वह मंत्र है जो हमें आत्मविश्वास और कर्मठता की ओर प्रेरित करता है । उनकी नजर में धर्म का सार सेवा और प्रेम में निहित है। उन्होंने कहा था जो तुम्हें कमजोर बनाए वह धर्म नहीं जो तुम्हें शक्ति दे वही धर्म है। उनका जीवन एक तपस्वी और एक कर्म योगी का अनुपम संगम था। अंत में कार्यक्रम अधिकारी रंजीत डहरिया ने आभार प्रदर्शन कर कार्यक्रम समापन की घोषणा की।

### डॉक्टर मुखर्जी की जयंती पर लछनपुर में पौधरोपण एवं संगोष्ठी कार्यक्रम आयोजित

# देश की अखंडता, संप्रभुता और विविधता में निहित है एकता

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

भाजपा नगर मंडल चांपा के द्वारा डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती मंडल चांपा के सभी शक्तिकेंद्रों में एवं बूथों में कार्यकर्ताओं के द्वारा मनाया गया। कार्यक्रम के उपलक्ष्य में मंडल स्तर पर शक्तिकेंद्र बसंतपुर के ग्राम लछनपुर में आयोजित किया गया।

भाजपा के संस्थापक सदस्य डॉ, श्यामाप्रसाद मुखर्जी के जयंती पर शासकीय उच्तर माध्यमिक विद्यालय लछनपुर में पौधरोपण कर संगोष्ठी आयोजित किया गया। वृक्षारोपण कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष संतोष थवाईत के द्वारा बताया गया कि वृक्ष को लगाना ही नहीं अपितु इसका संरक्षण,संवर्धन करना भी हमारा कर्तव्य है, जिस प्रकार से 1951 में जनसंघ की स्थापना कर डॉ. श्यामा



डॉक्टर मुखर्जी को श्रद्धा सुमन अर्पित करते भाजपा नगर मंडल के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता।

प्रसाद मुखर्जी के विचारों से आज जिस प्रकार से सभी कार्यकर्ता सिंचित हो रहे है ठीक उसी प्रकार से हर पौधों को सिंचित करने में भी हमारी भूमिका रहे। संगोष्ठी में जनपद उपाध्यक्ष शिशुपाल सिंह ने डॉ.श्यामाप्रसाद जी के जीवन का आदर्श वाक्य दो देश,दो,विधान और दो प्रधान नहीं चलेगा से संबोधित करते हुए बताया कि देश की अखंडता,संप्रभुता और विविधता में एकता निहित है, इसकी रक्षा करते हुए हमारे आदर्श ने भारत देश के अभिन्न अंग जम्मू कश्मीर के लिए अपने मंत्रीपद से इस्तीफा दे दिया तो वही भाजपा के कार्यकर्ता उनका अनुसरण करते हुए सत्ता से जायदा संगठन को,व्यक्ति से जायदा विचारों को महत्व देते है तो वही भाजपा नेता पवन पाठक ने उनकी शिक्षा दीक्षा पर तो नंद कुमार देवांगन ने उनके सपनों का भारत पर भाषण देते हुए कार्यक्रम को संबोधित किया। इस कार्यक्रम के द्वारा भाजपा के संस्थापक सदस्य के विचारों को कार्यकर्ताओं के समक्ष रखा जा रहा,जहां भाजपा अपने विचारों की लड़ाई लड़ते हुए आज इतनी बड़ी पार्टी बनी उसका भी विशेष उल्लेख किया गया। कार्यक्रम में आभार प्रदर्शन मंडल उपाध्यक्ष एवं सरपंच गेंदराम कुर्रे ने किया। इस अवसर पर पीतांबर अग्रवाल, नरेंद्र ताम्रकार, रामभरोस केंवट, रामनारायण केंवट, साध राम यादव, कमल साहू, ललित राम कुर्रे, सोनू यादव सहित भाजपा कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

